नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# हमले से हिला वेनेजुएला

## ट्रम्प बोले- मादुरो और उनकी पत्नी अब हमारे कब्जे में

**काराकस, 03 जनवरी. अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने का दावा किया है. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला अब अमेरिकी सैनिकों के कब्जे में हैं. उन्हें वेनेजुएला से बाहर ले जाया गया है.**

अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 11.30 बजे) वेनेजुएला के 4 शहरों पर हमले किए थे. इस दौरान अमेरिकी सैनिकों ने मिलिट्री ठिकानों और खास जगहों को निशाना बनाया. वेनेजुएला की राजधानी काराकस में सुरक्षा बलों को अलर्ट करके संवेदनशील इलाकों के पास की सड़कों को सील कर दिया गया तथा नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ हमलों के सटीक ठिकानों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई. अधिकारियों ने नागरिकों को घरों के अंदर रहने और बिना पुष्टि वाली जानकारी न फैलाने की सलाह दी है.



### रूस ने वेनेजुएला के साथ एकजुटता प्रदर्शित की

**मास्को, 03 दिसंबर (वार्ता)** रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की वेनेजुएला के खिलाफ की गई कार्रवाई को सशस्त्र आक्रामक कृत्य बताते हुए इसकी निंदा की है. मंत्रालय के सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया, हम वेनेजुएला के लोगों के साथ अपनी एकजुटता और उनके राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के उद्देश्य से वेनेजुएला के नेतृत्व के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हैं.

### वेनेजुएला में आपातकाल का ऐलान

वेनेजुएला सरकार ने अमेरिकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे विदेशी आक्रमण करार दिया और अमेरिका पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया. अमेरिकी हमले के तुरंत बाद मादुरो ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी थी.

### मादुरो पर अमेरिका में चलेगा मुकदमा : अमेरिकी विदेश मंत्री

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को देश में मुकदमे के लिए गिरफ्तार किया है. उटाह राज्य के सीनेटर माइक ली ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी.

# कोहरे से ठिठुरेगा प्रदेश

**नई दिल्ली, 03 जनवरी. नए साल के आगाज के साथ देश में तापमान तेजी से नीचे गिरने लगा है. कई राज्यों में सर्दियों का सितम देखने को मिल रहा है. राजस्थान में माउंट आबू सहित कई क्षेत्रों में पारा 0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. बाड़मेर, बीकानेर, सीकर, हनुमानगढ़ समेत 10 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी हुआ है.**

मौसम विभाग ने यूपी और बिहार में भी 9 जनवरी तक के लिए शीतलहर और कोहरे की चेतावनी जारी की है. इस बीच धूप न निकलने और आसमान में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है.

> मध्यप्रदेश में सर्दी के सीजन में पहली बार सबसे लंबा कोहरा छाया है. शनिवार को भोपाल में पूरे दिन घना कोहरा रहा. प्रदेश के अन्य हिस्से में भी असर देखा गया. 11 शहरों में दिन का तापमान 20 डिग्री से नीचे ही रहा. मौसम विभाग के अनुसार जनवरी में 15 दिन शीतलहर चलेगी. वहीं भोपाल-ग्वालियर में बारिश के भी आसार हैं.

## इंदौर नगर निगम को मिला नया आयुक्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए बिजली कंपनी में पदस्थ अधिकारी को इंदौर नगर निगम की जिम्मेदारी सौंपी है. सरकार के आदेश के अनुसार क्षितिज सिंघल को इंदौर नगर निगम का नया आयुक्त नियुक्त किया है. यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से 16 लोगों की मौत के बाद निगम की जलप्रदाय व्यवस्था सवालों के घेरे में है. क्षितिज सिंघल 2013 बैच के आईएएस अधिकारी रहे हैं. वे इससे पहले ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल



चुके हैं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के साथ साथ परियोजना प्रबंधन का अनुभव रखते हैं. बिजली कंपनी में रहते हुए उन्होंने राजस्व सुधार, सिस्टम मॉनिटरिंग और उपभोक्ता सेवाओं से जुड़े कार्यों में भूमिका निभाई. नगर निगम में अब उनके सामने स्वच्छता, जलप्रदाय, यातायात, राजस्व व विकास कार्यों को गति देने की बड़ी चुनौती होगी.

# समाज का स्वभाव है सद्भाव : भागवत

**भोपाल, 03 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया. यहां सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि सामाजिक सद्भाव कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का स्वभाव रहा है. समाज में सज्जन शक्ति का जागरण, आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर सद्भावना संवाद आज की अनिवार्य आवश्यकता है. यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई.**

प्रथम सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ. मंच पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा तथा मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय उपस्थित रहे. मध्यभारत प्रांत के 16 शासकीय जिलों के समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता इस बैठक की विशेषता रही.

डॉ. भागवत ने स्पष्ट किया कि समाज शब्द का अर्थ ही समान गंतव्य की ओर बढ़ने वाला समूह है. भारतीय समाज की कल्पना सदैव ऐसी रही है, जिसमें जीवन भौतिक



और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से सुखी हो. हमारे ऋषि-मुनियों ने यह समझा कि अस्तित्व एक है, केवल देखने की दृष्टि अलग-अलग है. उनकी तपस्या और साधना से ही राष्ट्र का निर्माण हुआ और वही हमारी सांस्क़तिक नींव है. पहले सत्र में पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सभी समाज अपने-अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन यह प्रश्न भी आवश्यक है कि हमने राष्ट्र के लिए क्या किया और राष्ट्र को क्या दिया. उन्होंने कहा कि संघ और शिव के भाव में अद्भुत समानता है. जैसे शिव ने समस्त सृष्टि के लिए विष पीया, वैसे ही संघ प्रतिदिन आरोपों का विष पीकर भी संयम और राष्ट्रहित में कार्य करता है. उन्होंने कहा कि जन्म चाहे किसी भी जाति में हुआ हो, पहचान अंतत: हिंदू, सनातनी और भारतीय की ही है. प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रोत्थान और समाजोत्थान की अद्भुत क्षमता है.

### समाजों के प्रतिनिधियों ने किया प्रतिवेदन प्रस्तुत

कार्यक्रम के प्रारंभ में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. तेली साहू समाज की ओर से मेवा लाल साहू, मीणा समाज सेवा संगठन के रामनिवास रावत, अखिल भारतीय यादव महासभा के कृष्णा संघर्ष यादव, सोंधिया राजपूत समाज के प्रताप सिंह सिसोदिया, स्पोर्ट्स एवं शास्त्रीय नाट्य के क्षेत्र से जुड़े डॉ. केशव पांडे, रघुवंशी समाज के अमित रघुवंशी, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सुनील श्रीवास्तव, जाटव समाज के रामावतार मौर्य, माहेश्वरी समाज की रंजना बहेती ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता के प्रयासों को साझा किया.




